an>

Title: Need to set up a treatment plant at Harike Dam before releasing water into Indira Gandhi Canal in Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय सभापति महोदय, राजस्थान की इंदिरा गांधी नहर का पानी राजस्थान के आठ जिलों और बहुत बड़े भू-भाग के सिंचित और पीने के पानी के लिए काम आता है। उस इलाके के अंदर पंजाब के हरिक बैराज से पानी छोड़ा जाता है। वह पानी प्रदूषित है। पंजाब सरकार को राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव ने कई बार पत्र लिखा है कि जो पानी छोड़ा जा रहा है, वह जालंधर लुधियाना, फगोड़ा के इंडस्ट्रीज इलाके से निकला हुआ प्रदूषित पानी है। पानी छोड़ने के बाद हरिक बांध से सतलुज नदी होता हुआ रावी, व्यास नदी में मिलकर राजस्थान को छोड़ा जाता है।

माननीय सभापति महोदय, यह इसलिए चिंता का विषय है कि यह पानी आज भी उन लोगों के पीने के काम आता है। प्रदूषित पानी लोग पिएंगे तो उन्हें बीमारी हो जाएगी। मेरा निवेदन है कि सरकार, जल संसाधन मंत्री और पर्यावरण मंत्री पंजाब सरकार को निर्देशित करें कि हरिक बांध से छोड़े हुए पानी के लिए फिल्टर प्लांट लगाया जाए और उसकी लगातार जांच होती रहे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने भी इस बात के लिए कहा है।

महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कोटा की चंबल नदी प्रदूषित होती जा रही है। उस नदी को प्रदूषित होने से रोकने के लिए केंद्र सरकार एक व्यापक इंतजाम और व्यापक कार्य योजना बनाये ताकि कोटा की चंबल नदी का पानी शुद्ध हो सके।